14-Jun- JANJ-Bhoomi pg-1 JECKAT_Layout 1 6/14/2024 8:07 PM Page 1

हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

# जांजगीर-चांपा भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024



# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
जिला खाद्य अधिकारी
सक्ती, जिला-सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
आबकारी निरीक्षक
आबकारी विभाग सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
डॉ. सूरज राठौर
जिला चिकित्सा अधिकारी
जिला-सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उप पंजीयक
जिला सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
अनुविभागीय अधिकारी
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
सक्ती, जिला-सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता हसदेव बांगो नगर
संभाग क्र.-06, सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
नरेन्द्र कुमार चंद्रा
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
यातायात सक्ती
जिला-सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


श्रीमती कमलेश जांगड़े
सांसद, जांजगीर-चांपा


कृष्णकांत चंद्रा
भाजपा जिलाध्यक्ष, सक्ती


डॉ. खिलावन साहू
पूर्व विधायक


रामनरेश यादव
जिला कोषाध्यक्ष, सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
श्री शैलेन्द्र तिवारी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी बैंक, सक्ती

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष
जितेन्द्र साहू
वरिष्ठ कृषि अधिकारी
सक्ती, जिला-सक्ती

हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
# जांजगीर-चांपा भूमि
हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर भर्ती, आवेदन 2 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवाई एवं बनारी के आंगनबाड़ी केन्द्र सेवई डीहपारा एवं बनारी सबरिया डेरा में सहायिका पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त पद हेतु 08 वीं उत्तीर्ण उक्त ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 18 जून 2024 से 02 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर (जाज्वल्य देव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह) में सीधे जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर (जाज्वल्य देव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह) से संपर्क कर सकते हैं।

### प्रवेश परीक्षा की कोचिंग के लिए आवेदन 1 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2024-25 में राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 1 जुलाई समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बरसात के मौसम में बढ़ेगी ग्रामीणों की परेशानी

# मुख्यमंत्री ग्राम सड़क में बजट का रोना ना तो नया काम और ना ही मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का बुरा हाल है। बीते चार सालों से इस विभाग में ना तो नया काम हो रहा है और ना ही पुरानी बदहाल सड़कों की मरम्मत हो पा रही है। इसका कारण बजट का अभाव बताया जा रहा है। ऐसे में अब बरसात में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।


सीएमजीएवाय की बदहाल सड़क।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत मुख्य मार्ग के आसपास के गांव को जिनकी दूरी 5 से 7 किलोमीटर तक है, उन्हें योजना अंतर्गत सीएमजीएसवाई से जोड़ा जाना है। इन सड़कों की लंबाई 5 से 7 किलोमीटर तक होती है। देखा जाए तो मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग में बजट की समस्या विगत 4 सालों से बनी हुई है। जिसके कारण जांजगीर, चांपा एवं सक्ती जिले में ना तो सीएमजीएसवाई के अंतर्गत नई सड़क बन पा रही है और ना ही पुरानी सड़कों की मरम्मत हो पा रही है। जिसका असर सीधे तौर पर जनता पर पड़ रहा है। बताया जाता है कि जांजगीर जिले के नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण, सारागांव इसी प्रकार सक्ती जिले के मालखरौदा चंद्रपुर समेत कई अन्य क्षेत्रों में सीएमजीएसवाई की कई सड़कों की स्थिति खराब हो चुकी है। इन सड़कों की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बलौदा विकासखंड से बम्हनीडीह विकासखंड को जोड़ने वाले ग्राम पंचायत कमरीद से अफरीद तक सीएमजीवाय के तहत पक्की सड़क बनाया जाना है, लेकिन सड़क निर्माण का कार्य आज पर्यन्त शुरू नहीं हो सका है। जिसके चलते दोनों गांव के निवासियों को आज भी कच्ची सड़क के माध्यम से आना जाना पड़ता है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत पेण्ड्री में भी सड़कों की स्थिति कुछ अच्छी नहीं है। जिसके कारण नवागढ़, केरा मार्ग की ओर आने जाने वाले लोगों को कई तरह की परेशानी खराब सड़क के कारण उठानी पड़ती है। अकलतरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कापन मुड़पार में आज भी लोग कच्ची सड़क के माध्यम से मुड़पार से ग्राम तिलई की ओर ग्रामीण आना-जाना करते हैं। ऐसा भी नहीं की इस मार्ग पर सड़क नहीं होने की जानकारी उच्च अधिकारी समेत जनप्रतिनिधियों को ना हो लेकिन इसके बाद भी पक्की सड़क बनाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बजट के अभाव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना जिले में अघोषित रूप से ठप हो गई है। विभागीय अमला बजट का रोना बताकर ना तो नई सड़क का काम करा पा रहा है और ना ही बदहाल हो चुकी पुरानी सडकों की मरम्मत हो रही है। ऐसे में आम लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। खास करके ग्रामीण क्षेत्र के रहवासी इस समस्या से जूझ रहे है।

#### भारी वाहनों के चलने से जर्जर हो सड़कें

जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में सड़कों में भारी वाहनों का आवागमन धड़ल्ले से हो रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बनी डामरीकृत सड़कों की हालत बदहाल हो चुकी है। ना केवल मुख्यमंत्री ग्राम सड़क की सड़कें बल्कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बने मार्ग भी जर्जर होने लगे है। जिले के नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत दर्जनों गांव में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क की बदतर स्थिति इसलिए भी हो रही है, क्योंकि इन मार्गो पर भारी भरकम गाड़ियां चलती है। खास बात यह है कि इन पर कार्रवाई भी नहीं हो रही है।

#### बजट की समस्या

विभाग में बजट की समस्या बनी हुई है जिसके चलते नई सड़क की स्वीकृति एवं पुराने सड़कों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। इसे लेकर उच्च अधिकारियों को प्रपोजल बनाकर भेजा जा चुका है।

**-अरविंद राजमणि,**
कार्यपालन अभियंता
मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

# बाइक को माजदा वाहन चालक ने मारी टक्कर, पिता-पुत्र गंभीर

### नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सेमरा गौठान के पास ईट से भरे तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार पिता पुत्र को ठोकर मार दी। हादसे में पुत्र के दाए पैर के 3 टुकड़े हुए है जिसका इलाज बिलासपुर जिले के निजी अस्पताल में जारी है। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार घटना शुक्रवार 14 जून की है। बाइक में सवार होकर भागबली रात्रे और पुत्र राकेश रात्रे 11 वर्ष दोनो अवरीद में लगे बाजार आए हुए थे। जिसके बाद अपने घर मुड़पार खिसोरा वापस जा रहे थे। तभी कारीमाटी सेमरा गोठान के पास से ईट से भरा माजदा वाहन क्रमांक सीजी 14 डी 0255 ने बाइक को ठोकर मारी हादसे में पिता पुत्र दोनो सड़क किनारे जा गिरे। जिसमे पुत्र राकेश रात्रे 11 वर्ष के दाए पैर के 3 टुकड़े हो गए। सूचना पर तत्काल नवागढ़ डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। वहीं 108 भी पहुंच गई। घायल पिता पुत्र दोनो को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल भेजा गया। पुत्र राकेश को गंभीर चोट होने पर बिलासपुर भेजा गया है। नवागढ़ पुलिस ने दुर्घटना कारित माजदा वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।


दुर्घटना में गंभीर रूप से धायल पिता पुत्र

# अवैध उत्खनन में लगे आधा दर्जन वाहन को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन वाहन की जब्ती बनाकर वाहनों को थाने में रखा गया है। उक्त कार्रवाई गौण खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में तथा खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग उडनदस्ता के द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही करते हुए शुक्रवार 14 जून को ग्राम बरेकेल में 5 ट्रेक्टर तथा हसौद में 1 ट्रेक्टर इस प्रकार कुल 6 ट्रेक्टर में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुये पाए जाने पर जब्त किया जाकर थाना हसौद की सुपुर्दगी में रखा गया। उक्त प्रकरणों के संबंध मे छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्यवाही किया जावेगा। कलेक्टर श्री तोपनो के निर्देशानुसार खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमलो के द्वारा निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।


जब्त वाहन के साथ पुलिस टीम।



14-JUNE-JANJ BHOMMI PG-04_Layout 1 6/14/2024 10:15 PM Page 1





# करन ने नए सितारों को दी ये सलाह ...

**नई दिल्ली।** करण जौहर बुधवार को मुंबई में अपनी आने वाली प्रोडक्शन किल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। फिल्म मेकर ने इंडस्ट्री में बढ़ती हुई एन्टोरेज लागत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'एन्टोरेज लागत हमारी समस्याओं में सबसे छोटी है। यह कलाकारों का मुख्य पारिश्रमिक है जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि सभी एक्टर्स के लिए यह समझना बहुत अहम है कि समय कैसा है। हमारी फिल्मों का माहौल कैसा है, किसी भी साइज की बड़ी मोशन पिक्चर बनाना कितना कठिन और मुश्किल है। फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में शामिल अतिरिक्त लागतों के बारे में विस्तार से बताते हुए केजेओ ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल है।

लाइफ Style

# तापसी इतना भाव क्यों खाती है!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस हैं, जो फिल्मों और अपने काम से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। खासतौर से अपने बर्ताव के लिए। उन्हें अक्सर पपाराजी पर चिल्लाते या गुस्सा करते हुए देखा जा चुका है।

इस बार भी वो इसी कारण फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एटिट्यूड देख यूजर्स उन्हें जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक ने लिखा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि आप भी स्वघोषित सेलिब्रिटी के साथ सेल्फी क्यों लेना चाहते हैं।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'क्या है यार ये... अपने फैंस की रिक्वेस्ट करो उनकी वजह से हो।' अन्य लिखते हैं, 'ये इतना भाव क्यों खाती है, कुछ फिल्में करके।'

वीडियो में तापसी पन्नू अपनी बहन शगुन के साथ आती हुई दिख रही हैं। उन्हें देखते ही पपाराजी उन्हें रुककर पोज देने की रिक्वेस्ट करते हैं। कुछ फैंस भी हैं, जो सेल्फी लेने के लिए बेकरार दिखे। सभी 'मैम मैम...' कहते हुए उनसे तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश कर रहे हैं, लेकिन तापसी किसी की एक नहीं सुनती हैं। कार का दरवाजा खोलते हुए तापसी कहती हैं, 'हट जाइये, प्लीज हट जाइये। आप मेरे बहुत पास आ रहे हैं।' इसके बाद वो गुस्से में अपनी कार में जाकर बैठ जाती हैं। तापसी का ये बर्ताव देखने के बाद यूजर्स गुस्से से तमतमा गए हैं। कुछ लोग तो ये भी कह रहे हैं कि कोई इसका फैन कैसे हो सकता है!



हॉलीवुड मसाला



# अपने नाम से 'पिट' हटाएंगी...

**लॉस एंजिलिस।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बायोलॉजिकल बेटी शिलोह जोली-पिट ने 18 साल की होने के तुरंत बाद अपने आखिरी नाम (सरनेम) से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागज कार्रवाई दायर की है। कभी हॉलीवुड के फेमस स्टार कपल रहे एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के रिश्ते खराब हो चुके हैं। अब उनसे जुड़ी एक बड़ी रिपोर्ट सामने आई है। बताया जा रहा है कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बेटी शिलोह जोली-पिट ने कथित तौर पर अपने आखिरी नाम से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागजी कार्रवाई दायर की है।



# दिलीप कुमार को याद कर हुई भावुक

**मुंबई।** अभिनेत्री फरीदा जलाल अपने करियर में राजेश खन्ना की हीरोइन रह चुकी हैं। राजेश खन्ना के अलावा उन्होंने दिलीप कुमार के साथ फिल्म 'गोपी' में काम किया था। दिलीप कुमार के बातें करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, 'दिलीप साहब का दिल सोने का था। उनकी शालीनता की मैं क्या मिसाल दूं। उन जैसा कोई हो ही नहीं सकता है। सेट पर आप उनको देखकर कह ही नहीं सकते थे कि ये सुपर स्टार हैं'। 'मुझे अच्छी तरह से याद है जब मुझे 'गोपी' फिल्म ऑफर की गई थी तब मैंने दिलीप कुमार और मीना कुमारी के साथ काम करने के लिए तुरंत हां कर दिया था। एक कलाकार और इंसान के तौर पर मुझे दोनों से काफी कुछ सीखने को मिला था। मैं आज भी दिलीप कुमार और मीना कुमारी की फैन हूं'।



# बॉर्डर के पूरे हुए 27 साल मनाया जश्न...

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर' ने गुरुवार को अपनी रिलीज के 27 साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म के सीक्वल का भी ऐलान हो चुका है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा गुरुवार (13 जून) को कर दी। इस अवसर पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर खास अंदाज में फिल्म के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। दरअसल, अभिनेता ने फिल्म में अपने अभिनय को याद करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सीन की एक क्लिप पोस्ट की है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों को टैग किया। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ ने वायु सेना के अधिकारी विंग कमांडर आनंद बाजपेयी का किरदार निभाया था।



# प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल में नजर आएंगी सैंड्रा-निकोल

**लॉस एंजिलिस।** साल 1998 में आई वार्नर ब्रदर्स के बैनर तले बनी फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। हाल ही में स्टूडियो ने जानकारी दी है कि फिल्म के दूसरे भाग में सैंड्रा बुलॉक और निकोल किडमैन दोबारा नजर आ सकती हैं। सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी के अनुसार दोनों से इस फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। रॉबिन स्विकॉर्ड और एडम ब्रूक्स के साथ मूल फिल्म लिखने वाले अकीवा गोल्ड्समैन इस फिल्म की भी पटकथा लिखेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सैंड्रा और निकोल फिल्म से निर्माता के तौर पर मूल फिल्म के प्रोड्यूसर डेनिस डि नोवी के साथ जुड़ सकती हैं। फिलहाल, सीक्वल की कहानी के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

टीवी मसाला




# 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर में होगी मीका सिंह की एंट्री?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी' का तीसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए तैयार है। हर कोई यह जानने के लिए उत्साहित है कि इस बार रियलिटी शो में कौन भाग लेगा, वहीं अब खबर आई है कि गायक मीका सिंह को भी अनिल कपूर के शो के लिए अप्रोच किया गया है। कथित तौर पर, निर्माता शोबिज की दुनिया से एक लोकप्रिय नाम को लाने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल उनके पास अभिनेत्री-निर्माता पूजा भट्ट थीं, अब वे मीका सिंह को शो में लाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि मीका की मेकर्स के साथ डील फाइनल हुई है या नहीं। 'बिग बॉस ओटीटी 3' का प्रीमियर 21 जून को जियो सिनेमा पर होगा और इसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। शो की मेजबानी के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए, अनिल कपूर ने पहले कहा था, "बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं! हम दोनों दिल से जवान हैं; लोग अक्सर मजाक में कहते हैं कि मैं उल्टा बूढ़ा हो रहा हूं, लेकिन बिग बॉस वाकई अच्छा शो है। यह कुछ हद तक स्कूल वापस जाने जैसा लगता है, कुछ नया और रोमांचक करने की कोशिश करना।

## मोना सिंह ने ठुकरा दिया था करण ओबेरॉय से शादी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** करण ओबेरॉय और मोना सिंह की मुलाकात साल 2006 में टीवी शो 'जस्सी जैसी कोई नहीं' की शूटिंग के दौरान हुई थी। सेट पर एक



दूसरे के साथ ज्यादा समय बिताने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। हालांकि, कुछ समय तक डेट करने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेता ने अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वह मोना से शादी करना चाहते थे, लेकिन अभिनेत्री ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उस समय को याद करते हुए करण ने मोना को बेपरवाह और खुलकर हंसने वाली शख्सियत बताया, जिसकी वजह से वह उनकी ओर आकर्षित हुए थे। उन्होंने कहा कि भले ही दोनों का रिश्ता टूट गया हो, लेकिन उनके मन में मोना के लिए कोई भी बुरी भावना नहीं है। करण ने स्वीकार किया कि उस समय वह इस दृष्टिकोण को नहीं समझ पाए थे।

# फिल्म फसल के सॉन्ग 'बलमु के हिपिया' ने मचाई धूम...

**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म फसल की जोरदार धूम है। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला और इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे लीड रोल में है। मरून कलर सडिया गाना इसका यूट्यूब पर जमकर धूम मचा रहा है। इस गाने में भोजपुरी की यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे और जुबली स्टार निरहुआ नजर आ रहे है। लेकिन आप जानते हैं कि मरून कलर सडिया और फसल में जान बसल गानों की खूब धूम है। इन भोजपुरा गानों में निरहुआ और आम्रपाली दुबे की केमेस्ट्री को जमकर पसंद किया जा रहा है। लेकिन भोजपुरी फसल का एक और गाना भी है जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।



हम बात कर रहे हैं फसल फिल्म के गाने बलमु के हिपिया को खूब पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे के गाने और फिल्में जब भी आती हैं तो बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा देती है। ऐसा ही कुछ फसल के बारे में भी कहा जाता है। लेकिन इसके गाने भी कम धूम नहीं मचा रहे है। बलमु के हिपिया (यहां हिपिया से अर्थ हिप्पी कट हेयर स्टाइल से है)।

# 15 अगस्त को रिलीज नहीं होगी फिल्म 'पुष्पा 2'

**नई दिल्ली।** टी सीरीज की फिल्म 'खेल खेल में' के इस साल 15 अगस्त को रिलीज होने की बात तय होते ही अब ये भी तय हो चला है कि इस दिन फिल्म 'पुष्पा 2' रिलीज नहीं हो रही है। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज 15 अगस्त को होनी है, ये तय होने के बाद से तमाम हिंदी और दूसरी भाषाई फिल्मों ने अपनी फिल्मों की रिलीज डेट आगे पीछे कर ली थी। सबसे पहले इस तारीख पर फिल्म रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' उर्फ 'सिंघम 3' आने का एलान हुआ था लेकिन 'पुष्पा 2' के इसी तारीख को आने की घोषणा के बाद एक सुपरहिट फिल्म की सख्त जरूरत महसूस कर रहे निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'सिंघम अगेन' को खिसकाकर दिवाली के पास कर लिया था। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज टलने के बाद भी अजय देवगन की इस फिल्म के अब 15 अगस्त को वापस रिलीज होने की संभावना नहीं है। अजय देवगन ने इस बारे में पूछे जाने पर गुरुवार को भी इससे इनकार ही किया।



जानकारी के मुताबिक फिल्म 'पुष्पा 2' में मुख्य विलेन बने मलयालम सिनेमा के अभिनेता फहद फासिल इन दिनों कई फिल्में एक साथ कर रहे हैं और फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए मिली उनकी तारीखों का उपयोग किया भी जा रहा था।

# जब हेलेन संग रिलेशनशिप में आए सलीम खान, अरबाज सलमान को किया घर से दूर



**मुंबई।** अरबाज खान के पॉपुलर पॉडकास्टर 'द इनविंसिबल्स' पिछले साल यूट्यूब शुरू हुआ। इस चैट शो के पहले एपिसोड में उन्होंने अपने पिता, स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान का इंटरव्यू लिया था। यह टॉक शो काफी चर्चित रहा। इसमें सलीम ने अपनी पर्सनल लाइफ, शादीशुदा होत हुए हेलेन से संग रिलेशनशिप और शादी और बच्चों के साथ उनके व्यवहार के बारे में बात की थी। अब इस इंटरव्यू का एक अनकट वर्जन जारी किया गया है। इस इसमें सलीम खान को दूसरी शादी और बच्चों को बोर्डिंग स्कूल के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। अरबाज खान ने अपने पिता से सलमा खान से शादी के बारे में पूछा। उन्होंने ये भी पूछा कि चुनौती के दौरान उन्होंने दोनों तरफ की फैमिली को कैसे एक साथ लाकर खड़ा किया? अरबाज ने सलीम खान से पूछा कि हेलेन के रिलेशनशिप में रहने के दौरान उन्हें (अरबाज) और सलमान खान को बोर्डिंग स्कूल में क्यों भेजा गया? सलीम खान ने कहा कि वह नहीं चाहते थे कि अरबाज और सलमान की एजुकेशन में किसी भी तरह की बाधा न आए। उन्होंने कहा, 'जाहिर है, तुम दोनों परेशान होते, जिसका असर तुम्हारी पढ़ाई पर पड़ता। लेकिन मैं तुम्हें 2 साल बाद वापस ले आया।'

## सलमा खान ने सबसे पहले हेलेन को एक्सेप्ट किया

अरबाज खान ने फिर पिता से पूछा कि उन्होंने बिना किसी फैमिली को छोड़े इस स्थिति को कैसे संभाला। सलीम ने जवाब दिया, 'उस समय, यह बहुत ज़रूरी था कि मेरी मंशा सभी को समझ में आए, मेरे बच्चे, घर के सदस्य, सभी जानते थे कि मैं परिवार या हेलेन को नहीं छोड़ना चाहता। तुम्हारी मां सलमा ने सबसे पहले हेलेन को स्वीकार किया और धीरे-धीरे सभी ने मिलजुलकर रहना शुरू कर दिया।'

## सलीम ने बताया कठिन चुनौती

सलीम खान ने यह भी कहा कि कई लोगों ने फिल्मों और असल जिंदगी में इस तरह के रिश्ते को दिखाने की कोशिश की है, लेकिन दोनों तरफ के लोगों को एक जैसी इम्पोर्टेंस देना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'यही बात इसे इतना चुनौतीपूर्ण बनाती है।' सलीम खान ने 1964 में सुशीला चरक से शादी की, जिन्होंने बाद में अपना नाम सलमा खान रख लिया। उनके तीन बेटे हैं - सलमान खान, अरबाज खान और सोहेल खान। सलीम खान ने 1981 में हेलेन से शादी की थी।

# 1976 की सुपरहिट फिल्म, स्क्रिप्ट सुनते-सुनते ही सो गए थे शत्रुघ्न सिन्हा

*हिंदी सिनेमा का दिग्गज सितारा, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत में कई छोटे-छोटे रोल किए दमदार आवाज वाले वो स्टार हैं शत्रुघ्न सिन्हा। साल 1976 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था, जिसके लिए वह पहली पसंद ही नहीं थे। लेकिन, इसी फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बनाया था। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। देखते ही देखते वह लीड एक्टर्स की जमात में खड़े हो गए। लेकिन यहां तक आने के लिए उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा था। तब जाकर एक्टर की नैया पार लगी थी।*

**नई दिल्ली।** आज इंडस्ट्री के दिग्गज कहलाने वाले स्टार शत्रुघ्न सिन्हा को साल 1976 में फिल्म कालीचरण में काम करने का मौका मिला था। इसी फिल्म के बाद उनकी किस्मत का सितारा चमका था। इससे पहले उन्होंने जिन फिल्मों में काम किया, उनसे उन्हें वो पहचान नहीं मिली, जो इस फिल्म से मिली। फिल्म कालीचरण में शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार लीड रोल में अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला था। फिल्म में बतौर स्टार उनकी जिंदगी बदल दी। वह रातोंरात स्टार बन गए थे। फिल्म इतनी बड़ी हिट साबित हुई थी कि फिल्म के डायलॉग लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगे थे।



## राजेश और सुनील को ऑफर हुई थीं फिल्म

शत्रुघ्न सिन्हा से पहले ये फिल्म राजेश खन्ना और सुनील दत्त जैसे स्टार्स को भी ऑफर हुई थी। लेकिन बात नहीं बनी। क्योंकि फिल्म से किस्मत तो राजेश खन्ना की चमकने वाली थी, फाइनली फिल्म उनके हिस्से में आई और देखते ही देखते वह मेकर्स की पहली पसंद बन गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के लिए सुभाष घई ने ही डायरेक्टर सिप्पी साहब को शत्रुघ्न सिन्हा का नाम दिया था। लेकिन जब सुभाष घई उनके पास स्क्रिप्ट लेकर गए तो कहानी सुनते -सुनते शत्रुघ्न सिन्हा सो गए थे। फिर भी उन्होंने फिल्म के लिए एक्टर को राजी कर लिया था और यही फिल्म उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। बता दें एक समय ऐसा भी था जब फिल्म 'खिलौना' से तो शत्रुघ्न सिन्हा को बाहर ही कर दिया गया था। तब इस फिल्म की लीड एक्टर मुमताज ने डायरेक्टर से झगड़कर एक्टर को फिल्म में दोबारा से काम दिलाया था। दोनों कॉलेज टाइम से ही अच्छे दोस्त रहे हैं।

14-JUNE-JANJ BHOMMI PG-05_Layout 1 6/15/2024 12:18 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### एफएलएन के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार पूर्वक हुई चर्चा



**बिर्रा।** 10 से 13 जून तक आयोजित चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम दिवस उद्घाटन मुख्य अतिथि हरिराम जायसवाल सहायक जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा के द्वारा किया गया। अध्यक्षता मनोज कुमार तिवारी ने की। विशिष्ठ अतिथि के रुप में रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक, लखनलाल कश्यप, गुरुप्रसाद भतपरे, मास्टर ट्रेनर राजेश कंवर, ईश्वर राठौर, अशोक देवांगन उपस्थित थे। श्री जायसवाल ने अपने उदबोधन में एफएलएन के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से चर्चा किया। तृतीय दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम डी दीवान द्वारा एफएलएन के बारे में सभी उपस्थित 49 शिक्षक शिक्षिका को बताया गया। चतुर्थ दिवस खंड समन्वयक एच के बेहार ने क्लास 1 से 5 तक के बच्चों को बेहतर से बेहतर भाषा एवं गणित विषय पर होने वाले कठिनाइयों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रति दिवस मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुरुवात किया गया। द्वितीय दिवस प्रतिवेदन श्रीमती निहारिका साहू, तृतीय दिवस प्रतिवेदन नोहरराम साहू, चतुर्थ दिवस प्रतिवेदन पीताम्बर कुर्रे एवं राजेश कुर्रे ने किया। तीनो मास्टर ट्रेनर ने एफएलएन के बारे में प्रतिदिन विस्तार से चर्चा किया गया। बच्चों को रोचक दार पढ़ाने क्लास में बच्चों के अनुरूप रोचक बनाने पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में संकुल केंद्र बिर्रा डी डी एस बिर्रा, सिलादेही, तालदेवरी के 49 शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए। उक्ताशय की जानकारी रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा ने दी।

### डॉ.बोधीराम साहू को मिला बेस्ट कोर कमेटी सम्मान



**जांजगीर-चांपा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन हाल रायपुर में संस्थापक सयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन के संयोजकत्व में आयोजित हुआ। जिसमे विजय बघेल दुर्ग सांसद, ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, डा. प्रकाश ठाकुर पूर्व संचालक रविशंकर विश्व विद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री जागेश्वरी मेश्राम, परसराम साहू राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक सहित अतिथियों की उपस्थिति में शिकसा के लिए बेहतर कार्य योजना, सराहनीय पहल पर डॉ. बोधीराम साहू को बेस्ट कोर कमेटी सम्मान से सम्मान पत्र,स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया है । अकादमी के प्रति इनके कार्य प्रशंसनीय एवं नमनीय है, इस निमित्त इन्हें यह सम्मान दिया गया है। इनके अलावा ये राज्य, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्यातीनाम सस्थानो से सम्मानित हो चुके है। इनके सम्मानित होने पर डा. शिवनारायण देवांगन आस, प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेत्तर देवांगन, प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम कवर, जिलाध्यक्ष विजय प्रधान, डॉ.राघवेंद्र राठौर सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि क्लोज सीजन में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय (बड़े या छोटे) निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

## निधन

### दासराम खूंटे

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम हसौद (भाठागांव) के प्रतिष्ठित नागरिक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक दासराम खूंटे का बुधवार 12 जून को निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे डॉ. आलोकनाथ मंगलम, प्रशांत कुमार मंगलम के पिता तथा दीनदयाल खूंटे, खेमलाल खूंटे, विनोद कुमार खूंटे, मनोज कुमार खूंटे, कृष्णकुमार खूंटे के भाई थे।



### राजकुमार शाह

**चांपा।** नगर के प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी मंझली तालाब निवासी राजकुमार शाह (जलेबी वाले) का शुक्रवार 14 जून को लंबी बीमारी के बाद रायपुर के एक चिकित्सालय में निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। स्व. शाह अपने पीछे दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 15 जून को मंझली तालाब स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में होगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 9 बजे निवास स्थान से निकलेगी।



## शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर सभाकक्ष में बैठक

# स्वच्छ व सुन्दर वातावरण में छात्र छात्राओं को दें गुणवत्तायुक्त शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार 14 जून को शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा 18 जून को शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी करने तथा जिले के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ व सुन्दर वातावरण में गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिए जाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए गए है।

कलेक्टर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रारंभ से ही जिले में अध्ययन-अध्यापन के लिए बेहतर माहौल तैयार करते हुए आवश्यक रूपरेखा बनाए जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए गए है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी के एस पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा, सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल सहित संकुल प्राचार्य व शैक्षिक समन्यवक उपस्थित थे। शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के. एस. पैकरा द्वारा शाला प्रवेशोत्सव की सभी तैयारी करने, शिक्षको की शाला में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, खेलकूद के प्रति बच्चों में रुचि लाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा द्वारा शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी के संबंध में एजेण्डावार सभी विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए दिए गए निर्देशो का शाला स्तर पर शत-प्रतिशत अमल कराए जाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव के साथ पात्र छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, साइकिल आदि वितरण की तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बैठक में सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल द्वारा कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक सभी पात्र छात्र-छात्राओ का शत-प्रतिशत जाति -प्रमाण पत्र बनाए जाने के लक्ष्य, पीएमश्री विद्यालय, आहतायुक्त शालाओ में वृक्षारोपण कराए जाने व 18 जून को उत्साहपूर्वक शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इसके साथ ही बैठक में एजेण्डावार शाला प्रवेशोत्सव की आवश्यक तैयारी की समीक्षा, शाला भवन परिसर की साफ-सफाई एवं रंग रोगन व मरम्मत, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण एवं सायकल वितरण की तैयारी की समीक्षा, चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति एवं पूर्णता पर चर्चा, यू-डाईस डाटा का सत्यापन, एसएमसी, एसएमडीसी का गठन एवं बैठक आयोजन की समीक्षा, मध्यान्ह भोजन संचालन की तैयारी, न्योता भोजन आयोजन एवं पोषण वाटिका (किचन गार्डन) की स्थापना पर चर्चा, विद्यार्थियों हेतु फर्नीचर, टाट पट्टी की व्यवस्था एवं विज्ञान सामग्री की आवश्यकता, पेयजल, शौचालय एवं विद्युत सुविधा की उपलब्धता की समीक्षा, मरम्मत योग्य और जर्जर शाला भवन की जानकारी तथा शाला परिसर में स्थित ऐसे भवन जो अति जर्जर है, डिस्मेंटल योग्य है कि जानकारी, पोर्टल में अधिकारी कर्मचारियों की प्रविष्टी तथा अवकाश प्रविष्टी की समीक्षा, विभिन्न प्रशिक्षणों में कर्मचारी चयन, स्थल चयन तथा प्रशिक्षण में कर्मचारियों की उपस्थिति पर चर्चा, वृक्षारोपण सहित अन्य आवश्यक बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते अधिकारी।



जेसीबी के माध्यम से हटाया जा रहा कचरा।

## सब्जी मंडी के पास पसरी गंदगी को नगर पंचायत ने कराया साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

■ खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आया अमला, जेसीबी से ट्रैक्टर में भरकर कराया डिस्पोज

नगर की सब्जी मंडी में साफ-सफाई के अभाव में जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ था। वहीं उठने वाली दुर्गंध से रहवासी तथा राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत का अमला हरकत में आया और जेसीबी के माध्यम से फैले कचरों को ट्रैक्टर में भरकर डिस्पोज करवाया गया।

शिवरीनारायण के वार्ड 9 में सब्जी मंडी के पास रहवासी तथा राहगीरों को गंदगी से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं थे। हरिभूमि द्वारा शुक्रवार 14 जून के अंक में सब्जी मंडी में पसरी गंदगी , जनप्रतिनिधि व अफसरों का ध्यान नहीं शीर्षक से समाचार प्रकाशित कियाग गया। इसके बाद नगर पंचायत के सफाई दल के दरोगा बजरंग यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे व जेसीबी व कर्मचारियों के सहयोग से फैले कचरो को ट्रेक्टर के माध्यम से एकत्रित कर डिस्पोज करवाया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड के लोग इस समस्या को लेकर कई बार सब्जी व्यापारी नपा के अधिकारियों को अवगत करा चुके थे, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की थी कि सब्जी मंडी के पास गंदगी को तुरन्त हटवाया जाए। ख़बर प्रकाशन के बाद नगर पंचायत की टीम की कार्यवाही देखने को मिली हैं।

## समस्याओं को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधि मंडल।

छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक कल्याण संघ एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मण्डल के द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रधान पाठको एवं व्याख्याता की पदोन्नति हेतु विगत कई वर्षों से लंबित प्रदेश भर के लगभग 3500 हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य की रिक्त पदों पर पदोन्नति,मिडिल स्कूलों के प्रधान पाठको को प्रदेश भर के बीआरसी पद पर स्थापना प्रदान करने, जिले के विभिन्न विकासखंड शिक्षा कार्यालयों में लंबे समय से कार्य कर रहे कर्मचारियों को अन्यत्र स्थानांतरण करने, प्रदेश में जीपीएफ पासबुक का संधारण कर अप्रैल 2022 से जीपीएफ खाता खोलने तथा ओ पी एस खाता खोलने, शिक्षको के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक जिले एवं विकासखंड मे समस्या निराकरण समिति बनाने शाहिद अन्य मांगों पर पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक कल्याण संघ के जांजगीर चांपा के जिलाध्यक्ष जयंत सिंह क्षत्रिय ने बताया कि आम शिक्षको को अनेक प्रकार से समस्या का सामना करना पड़ता है जैसे लंबित वेतन भुगतान हेतु बार बार कार्यालय तथा बाबुओं के चक्कर लगाना, मृत शिक्षको के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति हेतु अधिकारियों तथा संबंधित कर्मचारियों का चक्कर लगाना, सेवानिवृत शिक्षको एवं कर्मचारियों को उनके पेंशन तथा अर्जित अवकाश हेतु स्वीकृति के लिए संबंधित कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों से बार बार अनुरोध करने के पश्चात भी समय सीमा के कार्य पूर्ण नही होता है चिकित्सा अवकाश एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक स्वीकृति हेतु मनमाने ढंग से संबंधित बाबू एवं क्लर्क लोगों के द्वारा राशि की मांग किया जाता है जिस पर संबंधित शिक्षको की राशि कई वर्षो तक लंबित कर दिया जाता है। उपरोक्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश चौधरी को भी ज्ञापन सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन सौंपने वालों में छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक कल्याण संघ प्रदेश अध्यक्ष सी के महिलांगे , संभाग अध्यक्ष राधे श्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष जयंत सिंह क्षत्रिय,जिला एवं ब्लॉक प्रतिनिधि ओम प्रकाश राठौर ,संजय शर्मा ,कमलेश सिंह,सनत निर्मलकर ,अवधेश प्रताप सिंह,राजकुमार निषाद उपस्थित थे।

## नाली जाम होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**गोधना।** ग्राम कुरियारी के देवी दाई मंदिर के पास की नली में कचरा जाम हो जाने से गंदा पानी सड़क में बह रहा है। इससे लोगों को जहां कीचड़युक्त मार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है तो वहीं वाहन स्लीप होने से हादसे की संभावना बनी रहती है। ग्राम कुरियारी के देवी दाई मंदिर के पास की नली में कचरा जाम हो जाने के कारण गंदे पानी शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर आ गई है। इससे लोगों को वहां दुर्गंध युक्त कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। वही कीचड़ में गाड़ी के स्लिप खाने की संभावना बनी रहती है। बरसात के दिनों में यदि नाली को साफ नहीं किया गया तो नाली जाम होने के कारण रास्ता पानी से भरा रहेगा जिससे यात्रियों को आवागमन करने में परेशानी होगी।

## किसानों को समय पर उपलब्ध कराए खाद-बीज व पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



बैठक में उपस्थित अधिकारी व जनप्रतिधि।

जिला जल उपयोगिता समिति के बैठक में अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह शामिल हुए। राघवेंद्र कुमार सिंह ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से किसानों को समय मे पानी, खाद एवंम बीज उपलब्ध कराने को कहा साथ ही पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता अनुसार भंडारण की बात कही ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

टेल एरिया में समय में पहुंचे पानी-बैठक में विधायक ने जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को अकलतरा क्षेत्र के अकलतरी,सोनादुला,चंगोरी, पोंड़ी, सांकर क्षेत्र में समय मे पानी उपलब्ध कराने को कहा..समय पर पानी उपलब्ध नही होने से किसान खेती में पिछड़ जाते हैं जिससे उनको नुकसान होता है।

**विधायक की मांग पर नहर सफाई के लिए मनरेगा से 6.95 हजार स्वीकृतः**-नहर में शिल्ट जमा होने से अंतिम छोर तक पानी पहुंचने में दिक्कत होता था। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने तत्काल शिल्ट सफाई कराने खटोला, अकलतरी,चंगोरी, पोंड़ी, साँकर, सोनादुला में नहर सफाई के लिए लगभग 7 लाख रुपये स्वीकृति किया गया **नकली खाद एवंम बीज पर विभागीय अधिकारी करे कार्यवाही**-उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रतिवर्ष क्षेत्र में नकली खाद एवं नकली बीज के उपयोग के चलते किसानों को बड़ी मात्रा में नुकसान होने का समाचार मिलता है। अधिकारी नकली खाद एवं नकली बीज विक्रय पर नकेल कसने के लिए खरीफ फसल के प्रारंभ से ही ऐसे खाद एवं बीज विक्रेताओं का चिन्हांकन कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।

### कन्या क्रीड़ा परिसर में प्रवेश परीक्षा के लिए फार्म का वितरण 20 से होगा

**सक्ती।** शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा फार्म का वितरण 20 जून से प्रारंभ होगा। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला सक्ती में संचालित 100 सीटर अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर में रिक्त 52 सीटों के विरुद्ध प्रवेश प्रक्रिया होगी। प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून तक है। प्रवेश परीक्षा 27 जून से 28 जून को कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में सुबह 9 बजे से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीणता के आधार पर खिलाड़ी छात्रों का चयन किया जाएगा। जिसमें बैटरी टेस्ट का मूल्यांकन के आधार पर परीक्षा होगी। गति परीक्षा, उछाल परीक्षा, शटल रन (गतिशील 800 मीटर) इस्फुर्ति परीक्षण, गतिशील परीक्षण, शरीर के ऊपरी भाग को मोड़ने, पुश-अप, लेग रेजिंग, सीट-अप, सहन शक्ति दौड़ की परीक्षा ली जाएगी।

### प्रवेश के लिए आवेदन आज तक

**जांजगीर-चांपा।** होटल मैनेजमेंट के डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन शनिवार 15 जून तक आमंत्रित किया गया है। उक्त सबजेक्ट में कोर्स करने के इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

जाँजगीर मार्केट

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509

कार्यालय ग्राम पंचायत चोरिया
जनपद पंचायत बम्हनीडीह, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
क्र./21// बाजार निलामी / ग्रा.पं. / 2024
चोरिया, दिनांक 14/06/2024
ईश्तहार
एतद द्वारा ग्राम पंचायत चोरिया के समस्त नागरिक एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चोरिया के सामान्य बैठक दिनांक 14.06.2024 को प्र.क्र.04 पर सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत चोरिया के साप्ताहिक बाजार शनिवार एवं दैनिक बाजार निलामी वर्ष 2024-25 (21 जून 2024 से 31 मार्च 2025) अवधि 01 वित्तीय वर्ष की खुली बोली दिनांक 21.06.2024 दिन शुक्रवार समय दोपहर 2:00 बजे से ग्राम पंचायत भवन चोरिया में किया जाना है, जिसमें अमानत राशि 10000.00 जमा कर निलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं, जिसकी नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत भवन चोरिया के सूचना पटल पर चस्पा है. एवं कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत चोरिया कार्यालय में देख सकते है।
सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत चोरिया
जनपद पंचायत बम्हनीडीह
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

N-S-D-C National Skill Development Corporation
Approved By Nsdc Center No.69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
कोर्स
0 MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
0 OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
0 DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
0 EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
0 डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
0 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh
Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
















